दिनांक–22.07.2024 को अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा द्वारा पथ प्रमण्डल, दरभंगा अंतर्गत कराये जा रहे योजनाओं का निरीक्षण प्रतिवेदन

उपस्थिति :–

1. श्री प्रिंस कुमार :– सहायक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा
2. श्री राम चन्द्र पासवान :– सहायक अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा
3. मो० रियाज अंसारी :– कनीय अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा
4. श्री सुजीत कुमार :– संवेदक प्रतिनिधि (श्री राज किशोर सिंह)

(1) **सकरी–बहेड़ा पथ** :– इस पथ की कुल लम्बाई–16.00 कि०मी० है जिसमें पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत इसकी लम्बाई 8.00 कि०मी० (चैनेज 0.00 से 8.00 तक) है तथा शेष पथांश पथ प्रमंडल, बेनीपुर अन्तर्गत पड़ता है। इसे Intermediate Lane से Double Lane में SBD एकरारनामा के तहत चौड़ा किया जा रहा है। इसके संवेदक श्री राज किशोर सिंह हैं। कार्य के प्रारंभ की तिथि 22.01.2024 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 21.01.2025 है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूरे पथ का निरीक्षण किया गया।

पथ के 1ले कि.मी. में PQC का कार्य करीब 50 मी० के लम्बाई में Half width में पाया गया। PQC कार्य स्थल पर One way Traffic होने के कारण जाम की स्थिति पायी गई एवं Traffic Management की कोई व्यवस्था नहीं देखी गयी। संबंधित सहायक अभियंता द्वारा Traffic Diversion के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में DB No.-4 Road एवं नवरतनपुर–कन्हौली पथ का उपयोग करने हेतु सुझाव दिया गया, जिनका निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी के द्वारा किया गया।

पथ में WMM पूरे चौड़ाई में अंशतः किया हुआ पाया गया। Box Culvert (1/22/0)-5 Nos./6 Nos. के Deck Slab का कार्य पूर्ण पाया गया।

पथ के निरीक्षण के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निदेश दिये गये–

(i) पथ के पहले कि०मी० सकरी बाजार में PQC कार्य के निकट जाम के समस्या से निजात दिलाने हेतु संबंधित सहायक अभियंता को निदेश दिया गया कि जिला प्रशासन से संपर्क कर Traffic Management के लिए Police Force तथा वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करें। वैकल्पिक मार्ग का Carriage way 3.05M होने के कारण Flank में Hard Shoulder के लिए प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया।

24.07.24
अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल दरभंगा

ज्ञापांक : 1404 /दरभंगा, दिनांक : 24-07-2024

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24.07.24
अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

ज्ञापांक : 1404 /दरभंगा, दिनांक : 24-07-2024

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

24.07.24
अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

ज्ञापांक : 1404 /दरभंगा, दिनांक : 24-07-2024

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

24.07.24
अधीक्षण अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा

Scanned with CamScanner